





# सेमरिया अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे शुक्ल

## साफ-सफाई न होने पर लगाई फटकार, मौके पर कराई सफाई, वार्डो का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सेमरिया सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण किया. उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए. गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई.**



उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल में प्रतिदिवस होने वाली ओपीडी की जानकारी प्राप्त की. बताया गया कि अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 250 ओपीडी होती है. उप मुख्यमंत्री ने ओपीडी के साथ ही आईडी बनवाकर टेलीमेडिसिन चिकित्सा प्रारंभ करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन के माध्यम से जिला चिकित्सालय व संजय गांधी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों से मरीजों के संबंध में स्थानीय चिकित्सक उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं. उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय में की जाने वाली जांचों के विषय में जानकारी लेते हुए कहा कि अस्पताल में होने वाली जाँच यहाँ कराएं तथा अन्य जाँच के लिए जिला चिकित्सालय भेजें. निजी जाँच केन्द्रों में किसी भी मरीज की जाँच न कराई जाए. उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर की जाने वाली जाँच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं की जानकारी रखें तथा उनकी जाँच में सहयोग करें. इसके लिए चिकित्सालय के चिकित्सक आशा कार्यकर्ताओं के सतत संपर्क में रहें. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को अस्पताल के वार्डों तथा अन्य कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं. निरीक्षण के दौरान शौचालयों में साफ-सफाई न होने पर उप मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की तथा अपने सामने ही सफाई का कार्य प्रारंभ कराया. उन्होंने हिदायत दी कि अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्थित ढंग से रहे. यह जिम्मेदारी इंचार्ज की है अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए तथा सफाई न रखने वाले सफाई कर्मियों को भी बदला जाए.

### निर्माणाधीन अस्पताल भवन का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री ने सेमरिया में निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण किया तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि नवीन भवन के बन जाने से चिकित्सकीय स्टाफ में वृद्धि होगी तथा चिकित्सा सुविधाएं भी और बेहतर मिलेंगी. निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, एसडीएम दृष्टि जायसवाल सहित चिकित्सक व स्थानीयजन उपस्थित रहे.



# जुंए के अड्डे पर दबिश देकर पुलिस ने पकड़े आधा दर्जन जुआड़ी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, अमहिया थाना अन्तर्गत द्वारिका नगर में एक घर में चल रही जुंए की फड़ पर पुलिस ने दबिश दी. जहा ताश के पत्तो के साथ पांच हजार रूपये जप्त किये गये और आधा दर्जन जुआड़ियों को पकड़ा गया.**

अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि द्वारिका नगर ग्रीनलैंड गार्डन के पहले रोड के किनारे बने मकान के ऊपरी तल पर कुछ जुआडी तास के पत्ते से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं.

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी एवं घेराबंदी कर आधा दर्जन लोगो को पकड़ा गया. पकड़े गये सभी आरोपियो की तलाशी ली जाकर फड एवं पास से मिलाकर कुल 4950 रूपये एवं तास के 52 पत्ते जप्त कर किया गया. अपराध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने तथा प्रकरण में सात वर्ष से कम की सजा का प्रावधान होने से आरोपीगणो को नोटिस देकरन्यायालय में उपस्थित होने हेतु कहा गया है. जिन आरोपियों को पकड़ा गया है उनमें नन्हेंलाल सोनी पिता राजा राम सोनी उम्र 45 वर्ष निवासी अर्जुन नगर, संजय सोंधिया पिता कुंभकरण सोंधिया उम्र 25 वर्ष निवासी शास्त्री नगर अमहिया, दुर्गेश लखेरा पिता दिलीप लखेरा उम्र 21 वर्ष निवासी फोर्ट रोड अशोक के पेड़ के पास, भगवान दास साहू पिता रामावतार साहू उम्र 52 वर्ष निवासी धोबिया टंकी साहू मोहल्ला, राजा राम साहू पिता कोंदू लाल साहू उम्र 55 वर्ष निवासी बाणसागर कॉलोनी, राहुल सोंधिया पिता महेश सोंधिया उम्र 29 वर्ष निवासी शिवानी ट्रंक स्टोर के पास अर्जुन नगर शामिल है.

## संक्षिप्त



### वीरेन्द्र सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**रीवा,** नगर निगम में पदस्थ वरिष्ठ लिपिक वीरेन्द्र सिंह को 38 वर्ष की शासकीय सेवा के उपरांत शुक्रवार को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम कार्यालय में विदाई दी गई. इस मौके पर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सेवाकाल के दौरान उनके सराहनीय कार्यों और सहयोग का स्मरण किया. उपायुक्त एवं प्रभारी निगम आयुक्त प्रकाश द्विवेदी ने वरिष्ठ लिपिक के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह के अवसर पर कहा कि शासकीय नौकरी में बेहतर कार्य के साथ अच्छा आचरण भी जरूरी है. उन्होंने वीरेन्द्र सिंह के शासकीय सेवाकाल को अनुकरणीय बताया और कहा कि सभी कर्मचारियों को आम जनता के हित में सदैव समर्पण और निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए. विदाई कार्यक्रम में सहायक आयुक्त सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण और पारिवारिक सदस्य भी उपस्थित रहे. इस दौरान शाल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की गई. विदाई कार्यक्रम में उपायुक्त एम.एस. सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह एवं एच.के. त्रिपाठी, सहायक आयुक्त रामनरेश सिंह एवं के.एन. साकेत, सहायक यंत्री एस.के. गर्ग, अमरीश सिंह सहित अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा.

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा


**रीवा,** कलेक्ट्रेट सभागार में 3 नवम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगी. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारियों, खाद तथा बीज के वितरण एवं सड़कों के सुधार की भी समीक्षा की जाएगी.



### कटरा में मनाई गई संत शिरोमणि नामदेव की जयंती

**कटरा,** भक्ति धारा के महाकवि पंढरपुर के विट्ठल भगवान के अनन्य भक्त एवं समाज सुधारक संत शिरोमणि नामदेव जी की जयंती त्योंथर जनपद के ग्राम कटरा में उल्लासपूर्वक मनाई गई. कटरा में शिवरतन नामदेव ने संत शिरोमणि नामदेव जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा की संत नामदेव जी का जन्म देव उठानी एकादशी तारीख 26 अक्टूबर 1270 को महाराष्ट्र में एक दर्जी परिवार जिसे महाराष्ट्र में छिम्बा छिपा कहते हैं जाति में हुआ था, नामदेव जी बालपन से ही भगवान विट्ठल के भक्त थे भगवान विट्ठल उनके साथ साक्षात बैठकर भोजन किया करते थे नामदेव जी सभी जीवो में यहां तक की प्रेत में भी भगवान का दर्शन करते थे संत नामदेव जी पंजाब में काफी दिनों तक रहकर भक्ति दोंहो की रचना किया जिसे सिख समुदाय ने अपने गुरु ग्रंथ में संकलित किया और जिसका गायन गुरुद्वारों में होता है. उक्त अवसर पर कटरा के राम बदन नामदेव राममिलन नामदेव लल्लू ,यज्ञ सेन नामदेव मकसूदन नामदेव रामकरण नामदेव धर्मेंद्र नामदेव अशोक नामदेव दिनेश नामदेव भोले नामदेव उमाशंकर नामदेव अरुण नामदेव राजशेखर नामदेव संतोष नामदेव राजेश नामदेव अवधेश नामदेव राम जी नामदेव जय नामदेव अनिल नामदेव राज नामदेव नागेश्वर नामदेव अखिलेश नामदेव राजकुमार नामदेव मौजूद रहे.

### विस अवर सचिव रवींद्र दुबे को पितृ शोक



**रीवा,** विधानसभा के अवसर सचिव रवींद्र दुबे के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक रामलखन दुबे का 89 वर्ष की आयु में गत दिनों निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम दुबगवा में किया गया. उनके बड़े बेटे विनीत दुबे अपेक्स बैंक रीवा में मैनेजर और छोटे पुत्र रवींद्र दुबे विधानसभा में अवर सचिव हैं. 27 साल पहले सेवानिवृत्त हुए रामलखन दुबे अपने पीछे पुत्र पौत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनके निधन पर सरपंच योगेंद्र दुबे, विपिन दुबे, बृजराज दुबे, बाणेश्वर दुबे, परमसुख दुबे, अंजनी दुबे, शिशिर तिवारी आदि ने शोक व्यक्त करते हुए मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है.

# विकास शुल्क जमा कराने नगर निगम लगा रहा वार्ड में शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, नगर निगम द्वारा आयोजित शिविरों में मुख्य रूप से वैधीकरण की गई कालोनी/ कालोनियों में अधिभोगियों से विकास शुल्क राशि जमा कराने शिविर लगाया जा रहा है.**

नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे शिविर में आवेदनों पर कार्यवाही होगी. अलग-अलग जोन में शिविर लग रहे है. कालोनी/कालोनियों में जल प्रदाय/सीवर कार्य संबंधी आवश्यक कार्यों का आंकलन एवं अवैध कालोनी के बाधित भवन अनुज्ञा आवेदन पर अनुज्ञा जारी किये जाने का कार्य किया जावेगा. 03 नवम्बर को जोन क्र. 01 अंतर्गत कैला कॉलोनी, रामखेलावन कॉलोनी, बाल्मीकि कालोनी हेतु ए.जी. कालेज तिराहा में शिविर आयोजित होगा. जोन क्र. 02 अंतर्गत भैयालाल कॉलोनी हेतु सत्यम एकेडमी रीवा में शिविर का आयोजन किया जावेगा. जोन क्र. 04 अंतर्गत सिद्धनगर एक, दो, तीन एवं चार हेतु नगर निगम कार्यालय जोन 04 में शिविर का आयोजन किया जावेगा. साथ ही 04 नवम्बर को जोन 1 हेतु वार्ड 5 चाणक्यपुरी, जोन 2 हेतु वार्ड 9 सत्यम एकेडमी एवं जोन 3 हेतु वार्ड 10 शिव हेवन मैरिज गार्डेन मे शिविर का आयोजन किया जावेगा. नगर निगम द्वारा शहरवासियों से अपील की गई है कि शिविर में पहुँचकर लाभ अवश्य उठायें.



# टाप 30 रैंक वाले विद्यार्थी पीटीएस में होंगे पुरस्कृत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में साइबर अवेयरनेस कैंपेन के तहत कक्षा 10वीं, 11वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए साइबर अवेयरनेस क्वीज़ आयोजित की गई.**

साइबर अवेयरनेस क्वीज हेतु रीवा एवं सतना शहर के 17 स्कूलों से पूर्व में ही संपर्क स्थापित गया था तथा कुछ स्कूलों में निरीक्षकों एवं प्रशिक्षु नव आरक्षकों के द्वारा साइबर अवेयरनेस के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी भी दी गई थी. साइबर अवेयरनेस क्वीज ऑनलाइन आयोजित करवाई गई थी. जिसमें गूगल लिंक के माध्यम से विद्यार्थियों को 30 मिनट में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को हल करना था. 17 स्कूलों के कल 229 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया जिसमें से 19 विद्यार्थियों ने 100% अंक हासिल किया. इस क्विज में सेंट्रल एकेडमी स्कूल जिला रीवा की कक्षा 11वीं की छात्रा कुमारी आयुषी पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. इंडियन एक्सीलेंस स्कूल जिला रीवा, के कक्षा 10वीं के छात्र अर्पित पटेल ने द्वितीय स्थान तथा इसी स्कूल के कक्षा 10 वीं के छात्र दिवेश तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस क्वीज़ में टॉप 30 रैंक लाने वाले विद्यार्थियों को पीटीएस रीवा के द्वारा प्रमाण पत्र देकर उन्हें पुरस्कृत किया जावेगा.



नियम का पालन न करने पर परिवहन अमले द्वारा की जा रही कार्यवाही

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, बैकुण्ठपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को मुम्बई से गिरफ्तार किया है. आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था. साइबर सेल की मदद से पुलिस उस तक पहुंची.**

थाना प्रभारी जे.पी. पटेल ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व एक युवती ने थाना बैकुण्ठपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि गुढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गेरुआर निवासी कैलाश साकेत ने शादी का प्रलोभन और साथ जीने-मरने की कसमें देकर उसके घर में दुष्कर्म किया. युवती की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई.

पता चला कि वह वारदात के बाद मुम्बई भाग गया था. थाना प्रभारी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने मुम्बई पहुँचकर आरोपी कैलाश साकेत को गिरफ्तार कर रीवा लाया. उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया. पुलिस लगातार तलाश कर रही थी.

# सुरक्षा में लापरवाही पर परिवहन विभाग ने 57 बसों का किया चालान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, रीवा जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए परिवहन विभाग ने कमर कस ली है. जिले में चल रही 57 बसों पर विभाग ने सख्त चालानी कार्रवाई की है.**

अग्निशमन यंत्र न लगाने, फर्स्ट एड बॉक्स की अनुपस्थिति और आपातकालीन निकास जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा मानकों का पालन न करने के आरोप लगाए गए हैं. यह कार्रवाई न केवल यात्री बसों बल्कि स्कूल बसों पर भी की गई, जो बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से और भी गंभीर मुद्दा उठाती है. परिवहन विभाग ने बताया की बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर विशेष जांच अभियान चलाया गया है, 'सुरक्षा से कोई समझौता नहीं हो सकता. बस संचालकों को बार-बार निर्देश दिए जा रहे है , लेकिन बस संचालको के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है. इन उल्लंघनों के कारण अब तक कुल 57 यात्री बसों एवं स्कूल बसों पर मोटरयान अधिनियम के अनुरूप शमन शुल्क अधिरोपित किया गया. परिवहन विभाग ने आगे कहा कि अगले कुछ दिनों में और सख्ती बरती जाएगी. इस कार्रवाई में शामिल बसें मुख्य रूप से रीवा शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बसें है. जांच टीम ने पाया कि अधिकांश बसों में फायर एक्सटिंग्विशर की समाप्ति तिथि निकल चुकी थी या वे बिल्कुल ही अनुपस्थित थे. इसी तरह, फर्स्ट एक्सीडेंट बॉक्स में आवश्यक दवाइयां और बैंडेज की कमी पाई गई, जबकि इमरजेंसी एग्जिट के दरवाजे अवरुद्ध या अनलॉक थे. विभाग ने चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने वालों को अब कोई छूट नहीं मिलेगी. रीवा के सडको मे आवागमन अब और सुरक्षित होगा. सभी सुरक्षा उपकरणों को अपडेट करवाएं, नही तो कार्यवाही होगी.

# संत शिरोमणि नामदेव जी की निकाली गई शोभा यात्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, देव प्रबोधनी एकादशी को संत शिरोमणि नामदेव जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई. शहर में शोभा यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी. गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा का समापन स्थानीय मानस भवन में हुआ.**




संत शिरोमणि नामदेव जी ने सदैव सामाजिक एकता का संदेश दिया. शोभा यात्रा के दौरान उनके संदेश को लोगो के बीच पहुंचाया गया. इस क्रम में मानस भवन में आयोजित श्री नामदेव जी की 755वीं जयंती समारोह का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव जी ने आज से 700 वर्ष पूर्व समाज की बुराईयों और कुरीतियों को मिटाने के लिए संघर्ष किया. संत शिरोमणि ने सामाजिक एकता, सद्भाव और मानवता का संदेश दिया. नामदेव जी के विचारों से समाज को नई दिशा मिली.

संत शिरोमणि नामदेव जी के अनुयायी अभी भी उनकी परंपरा को पूरे गौरव के साथ आगे बढ़ा रहे हैं. उप मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि नामदेव जी को पुष्पहार पहनाकर नमन किया. इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में संत नामदेव जी के अनुयायी उपस्थित रहे.

# जिला बदर का आरोपी मिथुन घर से पकड़ा गया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, जिला दंडाधिकारी द्वारा कई आरोपियों को जिला बदर किया गया है. बावजूद इसके अपने आसपास के क्षेत्र में ही घूम रहे है.**

सिटी कोतवाली पुलिस ने जिला बदर के एक आरोपी को पकड़ा है जो जिला बदर के बाद भी अपने घर में ही रह रहा था. सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की जिला बदर का आरोपी मिथुन बंसल निवासी नयातालाब गुढ चौराहा जिला बदर का उल्लघन कर अपने घर मे रह रहा है और अपराधियो को बढावा दे रहा है. मुखबिर की सूचना कार्यवाही की जाकर मुखबिर आरोपी मिथुन बंशल के घर मे रेड कार्यवाही कर आरोपी को मौके से अभिरक्षा मे लिया गया. जिस पर से थाना मे आपराध क्रमांक 569/25 धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम का कायम कर विवचना मे लिया गया. मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. जहा से जेल भेज दिया गया.



जानकी पार्क जाने वाले मार्ग में सड़क तक फैली दुकानो से लगा जाम

# गुड़हाई बाजार एवं जानकी पार्क जाने वाला मार्ग में अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 नवम्बर, शहर की सड़के अतिक्रमण की चपेट में है चाहे मुख्य सड़क हो या फिर बाजार के अंदर जाने वाली सड़के हो, सभी में अतिक्रमण है.**

प्रकाश चौराहा से गुड़हाई बाजार एवं जानकी पार्क को जाने वाली सड़क से निकलना मुश्किल होता है. दरअसल दोनो तरफ दुकानदारो ने सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है लिहाजा जाम की स्थित बनती है. ऊपर से हाथ ठेले वाले भी सड़क पर फल सब्जी का ठेला लगाकर खड़े हो जाते है. ऐसे में कोई भी वाहन नही गुजर पाता. आटो अगर घुस गये तो लम्बा जाम लग जाता है. नगर निगम द्वारा कई बार दुकानदारो को समझाइश दी गई लेकिन कोई दुकानदार सामान दुकान के अंदर नही रखता. जब भी नगर निगम उड़नदस्ता दल कार्यवाही के लिये पहुंचता है तो दुकानदार लामबंद होकर विरोध शुरू कर देते है. प्रकाश चौराहा से गुड़हाई बाजार तक जाने वाला मार्ग बेहद चौड़ा है लेकिन यहा दुकानदारो के अवैध कब्जे ने सड़क को सकरा बना दिया है. किसी तरह मोटर साइकल और पैदल लोग निकल पाते है. ऊपर से कई लोग फुटपाथ पर भी दुकान लगा लेते है जबकि इसी मार्ग से सब्जी मंडी भी लोग जाते है. नगर निगम को सख्ती से कार्यवाही करने की जरूरत है तभी इस मार्ग से अस्थाई अतिक्रमण हट पाएगा. दुकानदारो का चालान भी नही काटा जाता. यही वजह है कि दुकानदार मनमानी पर उतारू रहते है.